82 क्यों, लोग जो ऐसे व्यक्त करने का यत्न करते हैं ये पागल हो गए हैं। अच्छा, वह व्यक्ति जिसने उसका अंतिम पद लिखा है *ओह परमेश्वर का प्रेम,* जो पागल खाने की दीवार पर लिखा हुआ था, जिसने परमेश्वर के प्रेम को व्यक्त करने का यत्न किया था। कैसे वह पापियों को बचाने के लिए नीचे झुक गया, और कैसे जो उसने किया, उसका प्रेम जो नीचे उतरकर आया कि आपको और मुझे बचा ले। मैं आराधना के लिए विषय में बात करता हूं,

स्वर्गदूत इस विषय में कुछ नहीं जानते! आराधना, स्वर्गदूत केवल इतना ही जानते है... वह वहां खड़ा होकर अपने पंखों को आगे और पीछे करता है, और आरपार, "हाल्लेलुय्या! हाल्लेलुय्या!" परंतु, ओह, अनुग्रह! जब यह मालूम पड़ता कि मैं खोया हुआ था और अब मैं मिल गया हूं, मैं मरा हुआ था, मैं फिर से जी गया हूं! ओह परमेश्वर, मैं पाप था, मैं गंदा था, और मैं वहां एक कूड़े के ढेर पर था!

83 यहां वह सबसे अच्छा जो जीवन आपको जो दे सकता था। क्या आप कभी वहां कोलगेट के कूड़ा स्थान में गए हैं? बहुत बदबू वाला स्थान जहां मैं कभी गया हूं। वह धुआं उसकी बदबू मुझे बीमार कर देती है। वहां उस पुराने धुयें में पड़े हुए हैं, अपने पेट से बीमार, बस उल्टियां कर रहे हैं, जुलाब लेने के पश्चात। देखो, जितने बीमार की आप हो सकते हैं!चूहे आपके ऊपर दौड़ रहे हैं, आप को खाने का यत्न कर रहे हैं। और वहां जीवन का सबसे उत्तम है। और तब कोई नीचे उतर आया और आपको उठाया। और वास्तव में बूढ़े और अपनी सहायता नहीं कर सकते। और बस आपको उठा कर और अठारह वर्षीय लड़के में बदल दिया, आपको पहाड़ की चोटी पर बैठा दिया, स्वस्थ के पूरी बाहर में, ताजी हवा में, इस प्रकार अच्छी सांस, अच्छा ठंडा पानी। क्या आप उस कूड़े के ढेर पर फिर से वापस जाना चाहेंगे? कभी नहीं, कभी नहीं, कभी नहीं, कभी नहीं फिर उस ढेर पर वापस ना जाऊंगा।

84 अब, यही है जो इसका अर्थ है, मित्रों।यहीं वह दर्शन था रूपांतरण, जो भी है, दर्शन। मैं दर्शन कहूंगा, क्योंकि मैं डरता हूं रूपांतरण कहने से किसी को आघात पहुंचेगा यही वह था। अब, वही जहां परमेश्वर... यही जो परमेश्वर ने पुत्र और पुत्रियों को लाने के लिए किया। अब, यह लोग कौन हैं? कैसे उन्होंने किया... इन लोगों ने इस योग्यता के लिए क्या किया? कैसे उन्होंने कभी यह किया? परमेश्वर ने आरंभ में, इसके पहले कि कोई स्वर्गदूत बनाया गया... कितने जानते हैं कि वह अनंत है? यदि वह नहीं है, तो वह परमेश्वर नहीं है। इसलिए, परमेश्वर, अपनी अनंत दया में, उसने देखा कि लूसिफर ऐसा करेगा, यदि उसने इसे बनाया है। वह उन्हें उस आधार पर एक स्वतंत्र चुनाव के करने पर रख देगा। और आप अभी भी वहां हैं, यह सही है, हम में से प्रत्येक के सामने सही और गलत का वृक्ष लगा है, आप अपने चुनाव को करें। और लूसिफ़र गलत रास्ते को लेने वाला पहला व्यक्ति था। और वह उसके सामने आकर्षित करना शुरू कर

देता है, लालचियों के समान, अपने लिए सब कुछ लेने की कोशिश कर रहा है, किसी और को आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। और यही है जहाँ से इसकी शुरुआत हुई। अब, इसे सुनिए। यही है जहाँ से पाप आरंभ हुआ। परमेश्वर ने, अपने अनंत मन में, उसे देखा, और केवल एक ही तरिके को देखा...

85 अब, त्रिएकता वाले भाइयों, मैं आपको दुख नहीं पहुंचाना चाहता, परंतु कैसे परमेश्वर के नाम के अच्छे वचन से आप कभी भी यीशु को स्वयं परमेश्वर से एक अलग व्यक्ति कर सकते हैं? यदि यीशु किसी दूसरे व्यक्ति को लेकर और भेजता और इस व्यक्ति को छुड़ाने के लिए मरता, तो वह अन्यायी जीव होता। केवल एक ही मार्ग था कि परमेश्वर इसे कर सकता था, स्वयं उस स्थान को ले! और परमेश्वर देह बन गया ताकि वह मृत्यु की पीड़ा को चखें, और मृत्यु के डंक को ले और मृत्यु को हमसे दूर हटा ले, ताकि हम स्वयं उसके द्वारा छुड़ाए जाए। इसीलिए उसकी ऐसी आराधना की जाएगी। यीशु निश्चय ही, एक मनुष्य था। वह एक मनुष्य था, एम्–ए–एन, कुंवारी मरियम से जन्मा। परंतु जो आत्मा उसके अंदर था वह परमेश्वर था परिपूर्णता में, उसमें परमेश्वर की परिपूर्णता सदेह वास करती थी। वह यहोवा–यीरे था, वह यहोवा–राफा था, वह यहोवा मन्नेशे था, वह यहोवा था; हमारी ढाल, हमारी छोटी ढाल, हमारा चंगा करने वाला; वह अल्फा और ओमेगा था, आदि और अंत; वह पहला, और अंतिम था; वह था, वह है, और आएगा; दाऊद की जड़, और संतान, भोर का तारा, क्यों, वह सर्वे सर्वा था। उसमें परमेश्वर की परिपूर्णता सदेह वास करती थी!

86 और मृत्यु सदा डंकधारी थी, ताकि वह लोगों को डंक मारे, "ओह," शैतान कहता है, "मैंने तुझे ले लिया, क्योंकि तूने मेरी सुनी। आपको डंक मारता है, मैं तुझे कब्र में डाल दूंगा। वह भेड़ का लहू तेरी कोई सहायता नहीं कर सकता, वह केवल एक पशु का लहू है।" परंतु परमेश्वर ने, अपनी बुद्धि में, जान लिया कि एक मेमना आ रहा होगा, जगत की उत्पत्ति से पहले घात किया हुआ। जी हां श्रीमान। और वे... उसने उस समय तक प्रतीक्षा की, ताकि समय का पूरा होना है।

87 परंतु एक दिन जब यह मेमना आता है, यह मनुष्य शैतान भी मुर्ख बन गया। उसने उसे आसपास से देखा, उसने कहा, "यदि तू परमेश्वर का पुत्र है, तो *यह* पर। यदि तू परमेश्वर का पुत्र है, तो एक आश्चर्य कर्म कर और

मैं तुझे ये करते हुए। मैं देखू तुझे यह करते हुए देखूं। ओह–हो, मैं उसके मुख पर चिथड़ा लपेटूंगा, तुझे मारूंगा। यदि तू भविष्यवक्ता है, तो हमें बता किसने तुझे मारा।" ऊ! "मैं—मैं नहीं जानता मैं विश्वास नहीं करता कि तू वह व्यक्ति है। यदि तू है तो साफ–साफ बता कि तू कैसे हैं।" देखिए, सब इस प्रकार से। "ओह, हमें बता कि तू है!" उसने अपना मुंह नहीं खोला। ओह, ओह, तब क्या उसने अपनी आंखें बंद कर ली थी!

88 उसने आसपास चेलों को देखा, और कहा, "मैं अपने पिता से कह सकता था और वह मेरे पासवर्ड पास स्वर्गदूतो की बारह सेना भेज सकता था, यदि मैं चाहता।" पिलातूस ने यह नहीं सुना, आप जानते हैं।

89 "यदि तू है! यदि तू है। ओह, यह वह नहीं है। क्यों, उसे देखो लहू बह रहा है। अरे, कुछ में से कुछ सिपाहियों वहां जाओ और उसके मुंह पर थूको।" थूको, उसका उपहास उड़ाओ, उसके गाल पर से मुठ्ठी भर के दाढ़ी उखाड़ लो। "ओह, यह वह नहीं है! नहीं यह वह नहीं! मैं इसमें अपना डंक गाड़ दूंगा, लड़के। मैं इसे वहां ले जाऊंगा। अब मैंने तुझे ले लिया!"

90 जब अंत में यह वह चिल्लाया, "एली! एली! मेरे परमेश्वर! मेरे परमेश्वर!" वह एक मनुष्य था। "तूने क्यों मुझे छोड़ दिया? "

91 गतसमनी बाग में, अभिषेक ने उसे छोड़ दिया था, आप जानते हैं, उसे एक पापी के समान मरना था। वह एक पापी मरा, आप यह जानते हैं; उसके पाप नहीं, परंतु मेरी और आपके। यही जहां प्रेम आता है, कैसे उसने मेरे ले लिए! ओह, हाल्लेलुय्या! कैसे उसने मेरे ले लिए!

92 और वह वहां था, वह अपना मुख नहीं खोल सकता था। उन्होंने डंकधारी ने कहा, "आप जानते हैं, मैं विश्वास करता हूं कि वह केवल एक साधारण मनुष्य था। वह कुंवारी से नहीं जन्मा, क्योंकि मैंने अपना डंक उसमें बैठा दिया।"

93 और यहां वह आता है, उसके डंक को अपने में सोखा दिया, परंतु लड़के वह गलत समय था! तब उसने अपना डंक वापस खींचा। तब से वह और डंक नहीं मार सका, उसने अपना डंक वही उसमें छोड़ दिया। तीसरे दिन जी उठा, और कहा, "मैं वह जो मर गया था, और फिर से जीवित हूं, और सदा तक जीवित हूं, मेरे पास मृत्यु और अधलोक की कुंजी है।" जी हां, श्रीमान। वह देखने में असफल रहा कि वह कौन था। "और

क्योंकि मैं जीवित हूं, इसलिए तुम भी जीओगे। यह अभी तक प्रगट नहीं हुआ... ”

94 एक दिन, उसके तीन या चार दिन के पश्चात जब वह पिता के पास उठा लिया गया था, वापस आया था, तब कुछ ने कहा, “ओह वह... वो—वो तो प्रेत होना चाहिए। उसे तो कुछ इसी प्रकार का होना चाहिए, वह व्यक्ति प्रेत संबंधित है। और हम... तुमने उसे देखा है। तुमने दर्शन देखा है।”

“नहीं, वह वास्तविक यीशु था।”

95 थोमा ने कहा, “मुझे उसके हाथों को देखने दो और सब चीजें, मैं तुम्हें बताऊंगा यदि वही है तो।”

96 उसने कहा, “मैं यहां हूं।” कहा, “क्या तुम्हारे पास मछली या रोटी है? मुझे सैंडविच दो।” और वे उसके पास रोटी लाए, और उसने वहां खड़े होकर और उसे खाया। कहा, “अब, क्या आत्मा ऐसे खाती है जैसे मैंने खाया? क्या आत्मा के मांस और हड्डी जैसे मेरे होता है? ” समझे? उसने कहा, “मैं वही हूं। मैं वही हूं।”

97 और पौलुस ने कहा, “यह तो अभी तक ठीक–ठीक प्रगट नहीं हुआ कि हमारे पास किस प्रकार की देह होगी, परंतु हम जानते हैं हमारे पास उसके समान देह होगी।” क्या? क्या उसके पास कभी स्वर्गीय देह थी? जी हां, श्रीमान! जब वह मरा, बाईबल ने कहा कि “वह,” फिर से व्यक्ति वाचक संज्ञा है, “वह अधोलोक में गया उसने उन प्राणों को कैद में प्रचार किया।” हाल्लेलुय्या! और उसने यह कैसे किया? उसके पास अनुभव कि इंद्रियां थी, उसके पास सुनने की इंद्रियां थी, उसके पास बोलने की इंद्रियां थी, उसने उसी प्रकार की देह में होकर प्रचार किया जो मैंने उन्हें वहां महिमा में उस रात्रि देखा था। उसने उन प्राणों को प्रचार किया जो अधोलोक में थे, जिन्होंने नूह के धैर्य के दिनों में प्राश्चित नहीं किया।

98 परंतु जब वह ईस्टर पर जीवित हो उठा, यह संभव नहीं था कि वह देह सड़े, क्योंकि भविष्यवक्ता दाऊद ने इसे पहले से देखा, “मैं उसके प्राण को अधोलोक में ना छोडूंगा, ना ही मैं अपने पवित्र को सड़ने दूंगा। बल्कि मेरी देह आशा में विश्राम करेगी क्योंकि वह मेरे प्राण को अधोलोक में, ना छोड़ेगा ना ही वह वह मेरे पवित्र जन को सड़ने देगा।” और बहत्तर घंटो में इसके पहले सड़ाहट आरंभ हो सके, वह दैविक शरीर थियोफनी, वह देह

जिसने जाकर उन प्राणों को प्रचार किया जो कैद में थे, जिन्होंने नूह के धैर्य के दिनों में प्राश्चित ना किया था, फिर जी उठा, और अमरणहार ने मरणहार को पहन लिया, और वह खड़ा हो गया, और उसने खाया और उसने हमें यह बताया कि वह एक मनुष्य था। हाल्लेलुय्या!

99 भाई ईवान, हम उसको ऐसे देखेंगे। जब वह दाऊद के सिंहासन पर विराजमान होगा। हाल्लेलुय्या! जब हम ऊपर और नीचे अब चलेंगे, मैं आपके साथ पहाड़ों पर लाखों वर्ष की यात्रा पर जाऊंगा, देखिए, थोड़े से दिन, थोड़ी सी देर के लिए, हम वहां पार जाएंगे, वहां पर बैठेंगे।

100 आप जानते हैं, यह खाने का समय आता है, पहली बात आप जानते हैं, बहन वुडस ने कहा... मैंने कहा, "बहन, वुडस, अच्छा आप इतने समय से कहां थी? मैंने आपको समय से नहीं... देखा मुझे ऐसा लगा जैसे यह पंद्रह मिनट थे।"

"ओह, यह दो हज़ार वर्ष पहले था, भाई ब्रंहम।"

101 "ओह। आप कैसा अनुभव कर रहे हैं? " ओह, सही में सिवाए अच्छे के और कुछ अनुभव नहीं कर सकते।

102 "कहे, लड़कों यहां, आओ, मैं भाइयों आपको सब कुछ दिखाऊंगा, मेरे प्रिय भाइयों। यहां, यहाँ पर पानी का झरना है, सबसे अच्छा जो आपने कभी पिया होगा। और, ओह, हमें अच्छा ठंडा पानी मिलेगा। मैं वहां जाऊंगा और अंगूर का एक बड़ा गुच्छा लुंगा, और हम वहां पर बैठकर और इसे खाएंगे।" क्या यह शानदार नही होगा? बिल्कुल ठीक यही है। यह ऐसा ही है।

103 हमने इसे कैसे पाया? हम इसे कैसे जानते हैं? परमेश्वर ने, पृथ्वी के रचने से पहले, हमें ठहराया है! किसे? वे जो प्रतिज्ञा के देश में है।

... और अपनी इच्छा कि सुमति के अनुसार यीशु मसीह के...
द्वारा लेपालक पुत्र होने के लिए हमें पहले से ठहराया...

उसकी महिमा की स्तुति के लिए...

ताकि जैसा उसने कहा हम उसकी उसकी स्तुति कर सके। यही वह जो परमेश्वर था हम उसकी स्तुति करना चाहते हैं।

... कि उसके उस *अनुग्रह की महिमा* की स्तुति हो, जिसे उसने हमें *उस प्यारे में सेंत मेंत दिया।* (मसीह में हम ग्रहण योग्य है।)

हमको उसमें उसके लहू के द्वारा छुटकारा अर्थात एस–आई–एन–एस *पापों की क्षमा...*

104 मुझे वापस लेपालकपन पर जाना है, परंतु मैं यहां "पापों" पर एक मिनट के लिए रुकना चाहता हूं। "पापो," क्या आपने इस बात पर ध्यान दिया? आप जानते हैं कि परमेश्वर पापी को पाप करने के लिए दोषी नहीं ठहराता? वह उसको पापी होने के लिए दोषी ठहराता है। यदि एक पापी सिगार पीता है, वह उसे इसके लिए दोषी नहीं ठहराता; जो भी है, वह पापी है। समझे? समझे? उसके पास कोई पाप नहीं है, पापी के पास नहीं है। वह तो केवल पापी है, देखिए, उसके पास कोई पाप नहीं है। परंतु आपने पाप किया, आप जो मसीही है। आप ध्यान दें वह यहां कलीसिया से बाते कर रहा है। उसे ठीक रखा। समझे? समझे? "पापो की क्षमा," एस–आई–एन–एस पापो। हम पाप करते है। परंतु पापी तो बस पापी है, परमेश्वर उसे क्षमा नहीं करता।

105 अब आप चाहते हैं, "अच्छा, हम वहां गए और एक पुरुष को गोली मार दी। अब आप इस विषय में क्या करने जा रहे हैं? " यह मेरा कार्य नहीं है। मैं सुधारक नहीं हूं, मैं एक प्रचारक हूं। कानून इस मामले को देखेगा, वे सुधारक है। वे है... "अच्छा," कहते हैं कि, "उसने व्यभिचार किया है।" यह, यह—यह कानून पर निर्भर करता है। यह उसके और कानून के मध्य में है। मैं—मैं—मैं—मैं सुधारक नहीं हूं, मैं लोगों को सुधारता नहीं हूं। मैं उनका मत परिवर्तन करना चाहता हूं। देखिए मैं एक प्रचारक हूं, मेरा कार्य उसको परमेश्वर के पास ले जाना है। यदि उसने पाप किया, यह उसका कार्य है, वह पापी है। परमेश्वर उसे ऊंचे स्तर पर दोषी ठहराता हैं। वह आरंभ से ही पापी है, वह आरंभ से ही दोषी है। उसके पास तो पहला आधार भी नहीं है, वह—वह तो कही नहीं है। वह आरंभ से ही पापी है। उसके पास कोई पाप नहीं है, वह पापी है।

106 आप बाहर जाकर यह नहीं कह सकते, "*इतनी* तो रात्रि है, और *इतनी* रात्रि नहीं है।" नहीं, यह सारी रात है, बस सारी रात है। यही जो परमेश्वर ने कहा। यह ठीक बात है, वह केवल एक पापी है, बस। "अब, उसने यह किया है, *इतनी* रात है, *यह* वास्तविक चमकीली रात्रि है यहां पर।" मैं जानता हूं, कि यह केवल रात्रि है, बस। समझे?

107 मैं यह नहीं कर सकता "*यहां* पर इतना उजियाला है।" नहीं, यह तो सारा का सारा उजियाला है, देखिए, केवल उजियाला, आप नहीं कर सकते कि कितना। समझे? परंतु यदि यह *इस*में काला धब्बा है, तो फिर इसमें अंधियारा है।

108 इसलिए "पापों," हमारे पास हमारे पापों के लिए उसके (क्या?) लहू के द्वारा क्षमा है, मूल्यवान लहू।

... *उसके असीम के द्वारा...*

109 हम इसे कैसे भूल सकते हैं? क्योंकि हम योग्य हैं, हमने अपने पापों की क्षमा के लिए कुछ किया है? उसका क्या?

... *अनुग्रह;*

110 ओह, प्रभु! प्रभु, मैं अपने हाथों में कुछ भी नहीं लाता। मैं कुछ भी नहीं कर सकता, ऐसा कुछ भी नहीं जो मैं कर सकता था। देखिए! उसने मुझे पहले से ठहराया, उसने मुझे बुलाया, उसने मुझे चुना। मैंने उसे कभी नहीं चुना। उसने मुझे चुना, उसने आपको चुना, उसने हम सब को चुना। हमने उसे नहीं चुना। यीशु ने कहा, "तुमने मुझे नहीं चुना, मैंने तुम्हें चुना है।" उसने कहा, "मेरे पास कोई नहीं आ सकता जब तक मेरा पिता पहले उसे ना खींच ले, वह सब जो पिता ने मुझे दिया है मेरे पास आएगा। और उनमें से कोई भी ना खोया, सिवाए विनाश के पुत्र के कि वो—वो वचन पूरा हो।" आपने समझा? कहा, "परंतु सब जो पिता ने मुझे दिया है मेरे पास आएगा।"

111 ओह, मैं बहुत देर कर रहा हूं, क्या नहीं? और मैं इस से कभी बाहर नहीं जाऊंगा। अभी तो मैंने इस पर आरंभ भी नहीं किया। मुझे जल्दी–जल्दी करना है, अब जल्द ही मुझे किसी बात पर आना है, और हम जल्दी करते हैं। मुझे अभी इस लेपालकपन पर वापस जाना है एक मिनट। ओह, क्या आप एक मिनट के लिए—के लिए मुझे क्षमा करेंगे? आइए हम इसे यहां पर ले कुछ लोग दूर जॉर्जिया से है, यहां केवल आज रात्रि के लिए, उनके ह्रदय को आशीष मिले। अब, जार्जिया के भाई लोगों, और टेक्सास और आप लोग जहां कहीं से भी है, इसे सुने 5वा पर। हम इसे कुछ मिनटों के लिए लेंगे।

हमें पहले से ठहराया है के लिए—के लिए...

112 "के लिए" का क्या अर्थ है, शब्द "के लिए"? इसका अर्थ है कि हम किसी चीज के लिए आ रहे हैं। "मैं झरने तक जा रहा हूं। मैं कुर्सी तक जा रहा हूं।" ह्यूमस, तुम यह समझे? "मैं मेज तक जा रहा हूं।"

अब, उसने हमें पहले से ठहराया कि यीशु मसीह के द्वारा हम उसके लेपालक पुत्र हो अपनी भली इच्छा की सुमति के अनुसार,

113 कितने आनंद के साथ? यह किसका आनंद था, किसकी भलाई? उसकी अपनी। उसके अपने इच्छा की सुमति के अनुसार।

114 अब, "लेपलकपन" क्या है? अब मैं इसे ले लू मैं नहीं जानता कि... इसे लेने के लिए मेरे पास समय नहीं है, परंतु मैं इस पर जोर दूंगा। तब यदि कोई प्रश्न है, तो आप बाद में किसी समय पूछ सकते हैं संदेश में, कुछ। सुनिए। आपका लेपालक होना आपका जन्म नहीं है। आप लेपालक होना आपको स्थान पर स्थापित करना है। जब आपका नया जन्म हुआ, यूहन्ना 1:17, मैं विश्वास करता हूं, जब हम परमेश्वर के आत्मा से जन्मे, तो हम परमेश्वर के पुत्र हैं। परन्तु हम पहले से ठहराए हुए थे। अब मैं आपको यहां पर लाने का यत्न कर रहा हूं, कि अंतिम दिन के ये पुत्र, आप देखिए, कि... देखा? हम लेपालक होने के लिए (निमित) ठहराए गए।

115 अब, अब हम यहां पर हैं। अब, यहां बात पेंटीकोस्टलो के थोड़ा दुख पहुंचाती हैं। वे कहते हैं, "मैंने नया जन्म पाया है! प्रभु का धन्यवाद हो, पवित्र आत्मा मिल गया!" बहुत अच्छा। आप परमेश्वर के बालक है। यह ठीक बात है। परंतु फिर भी यह वह नहीं है जिस विषय में मैं बात कर रहा हूं। देखिए, आप लेपालक होने के लिए ठहराए गए थे। लेपालक, यह पुत्र को यथा स्थान पर रखना है।

116 मैं इसके बहुत समीप हूं, क्योंकि बैकी ने मुझे बताया है मैं इसके बहुत समीप आ गया हूं, आप पीछे नहीं सुन सक रहे हैं। मैं...

117 देखिए, एक बालक। आप में से पुराने नियम की लेपालक की व्यवस्था को कितने लोग जानते हैं? ठीक है, आपने देख लिया है। एक पुत्र जन्मा था। मेरा विश्वास है कि मैंने इसे किसी उपदेश में लिया था। जीन, वह क्या था, तुम्हें स्मरण है? यह टेप में है। ओह वह क्या था? मैंने—मैंने—मैंने—मैंने उस पर प्रहार किया था। ओह, हां, मुझे यह मिल गया, *तुम उसकी सुनो, तुम उसकी सुनो;* बालकों का लेपालक होना।

118 अब, पुराने नियम में, जब एक—जब एक बालक एक परिवार में जन्म लेता था, जब वह जन्मा था तो वह एक बालक था, क्योंकि उसने अपने माता–पिता से जन्म लिया, वह परिवार का एक पुत्र था और सब चीजों का वारिस। अब, परंतु यह पुत्र एक शिक्षक के द्वारा बड़ा किया गया, गलतियों 5वा अध्याय, 17वे से 25वे पद तक। ठीक है। वह एक शिक्षकों के द्वारा पाला गया, शिक्षकों के द्वारा। अब, मान लीजिए, यदि मेरे यहां एक पुत्र जन्म लेता, मान लीजिए, मैं एक पिता और...

119 और यही कारण है कि किंग जेम्स में, कितनों ने कभी यह सोचा कि यह पढ़ने में अजीब सा है किंग जेम्स संस्करण में, कहा, "मेरे पिता के घर में बहुत से बड़े–बड़े घर है"? एक घर, बहुत बड़े–बड़े घर। समझे? वास्तव में, बाईबल के दिनों में किंग जेम्स के लिए अनुवाद किया गया, एक *घर* एक "राज्य था।" "मेरे पिता के राज्य में बहुत सारे बड़े–बड़े घर।" घर में नहीं, बड़े–बड़े घर परंतु वह इस राज्य का पिता कहलाया गया। उनके पास बाईबल में, यह बाईबल के अनुसार है यह इसी प्रकार से है।

120 जब पिता के पास एक बड़ा विशाल हजारों एकड़ का फार्म था, या कुछ ऐसा, उसके पास लोगों के झुंड *वहां* रह रहे थे। उसने *यहां* पर रहने वाले लोगों को भेड़ों के देखभाल के लिए मजदूरी कर लिया, उसके पास कुछ *यहां* पर पशुओं की देखभाल के लिए थे, *यहां* उसके पास कुछ वहां ऊपर की पहाड़ी पर चले गए, सैकड़ों मील, और कुछ यहां उसके पास बकरियों की देखभाल के लिए, और कुछ उसके लिए खच्चरों की और—और भिन्न–भिन्न चीजों की देखभाल के लिए थे। बस उसके—उसके पास एक बड़ा राज्य था। और वह अपने एक छोटे से गधे पर सवार हुआ और चारों ओर प्रत्येक को देखने के लिए गया और देखा कि वे कैसे कर रहे हैं, भेड़ों के बाल कतरने वाले और इस प्रकार से सारी चीजें। उसके पास समय नहीं था...

121 जब मैं यहां से हट जाता हूं तो आप सुन नहीं पा रहे हैं। मैं—मैं—मैं यहीं पर रहने का यत्न करूंगा। क्या अब आप मुझे सुन सकते हैं, यहां? देखिए।

122 वह सवार होकर चला गया, और अपने—अपने—अपने राज्य की देखभाल करने के लिए—के लिए। इसलिए अब वह चाहता है... कि पुत्र

उसकी हर चीज का वारिस होने जा रहा है जो उसके पास है। वह एक वारिस है।

123 और जब हम परमेश्वर के राज्य में यीशु मसीह के द्वारा जन्म लेते हैं, तो हम स्वर्ग के वारिस है, यीशु के साथ संगी वारिस, क्योंकि उसने हमारा स्थान ले लिया। वह हम बन गया (पाप), ताकि हम वह बन सके (धर्मी)। समझे? वह मैं बन गया ताकि मैं वह हो जाऊं, देखिए, उसके साथ संगी वारिस। ठीक है, अब स्मरण रखें, कि, आप में से प्रत्येक।

124 अब, स्मरण रखें, परमेश्वर ने आपको ठहराया है, अपने पूर्व ज्ञान के द्वारा, ताकि आप इस पर आ रहे हैं। प्रत्येक जो समझ रहा है, अपने हाथ उठाएं, परमेश्वर ने अपने पूर्व ज्ञान के द्वारा, आपको पहले से ठहराया कि आप प्रतिज्ञा के देश में। आज एक मसीही के लिए प्रतिज्ञा का देश क्या है? यदि आप जानते हैं तो अपना हाथ खड़ा करें। "यह प्रतिज्ञा तुम और तुम्हारी संतानों के लिए है, उनके लिए जो दूर–दूर है। यहोवा यों कहता है यह अंतिम दिनों में घटित होगा, कि मैं अपना आत्मा हर देह पर उडेलुंगा, तुम्हारे पुत्र और तुम्हारी पुत्रियां।" और यशायाह 28:18, "अवश्य ही वचन पर वचन, आज्ञा पर आज्ञा होना है; थोड़ा यहां, थोड़ा वहां। जो अच्छा है उसे कस कर पकड़े रहो। क्योंकि कांपते हुए होंठों के साथ और अन्य भाषाओं के साथ मैं इन लोगों से बात करूंगा। और यह विश्राम है, वो—वो विश्राम, सब्त का देश जो मैंने कहा उन्हें उसमें प्रवेश करना चाहिए। और, इसके लिए, वे नहीं सुनेंगे, परंतु अपने–अपने सिर हिला कर चले गए, और इसे नहीं सुनेंगे।" समझे? बिल्कुल ठीक।

125 यह क्या था? ठीक उन लोगों के समान जो लोग कानान से आए याने मिस्र से आए, जंगल में से होते हुए, और ठीक अगला, इतने पास की अंगूर चखे जो उस देश से आए थे। भाई, वहां, वे पुरुष मुझसे चाहते हैं कि उसे फिर लू, जो इब्रानियो 6 में है। मैं यह कैसे कर सकता हूं? वे किनारे के विश्वासी, वे वहां कभी नहीं जाएंगे! वे वहां नहीं जा सकते। यीशु ने कहा, "हमारे

उन्होंने कहा, "हमारे पुरखाओं ने जंगल में मन्ना खाया।"

126 और यीशु ने कहा, "और वे, सब मर गए।" वह चीज अलग हो गई। उनमें से प्रत्येक मर गया। यह ठीक बात है। कहा, "परंतु मेरे जीवन की रोटी हूं जो स्वर्ग से परमेश्वर के पास से आई है। जो मनुष्य इस रोटी में

से खाएगा, वह कभी ना मरेगा। यह ठीक बात है। जी हां, श्रीमान, यदि वह इसे खाएगा तो अनंत जीवन पाएगा। मैं अदन की वाटिका से जीवन का वृक्ष हूं।"

127 अब, देखिए, ये लोग बहुत समीप आ गए! देखिए, यदि आप इब्रानी छह में ध्यान दें, उस पर वापस नहीं जा रहे हैं, परंतु इब्रानियों 6, "यह लोग एक बार भागी हुए, इनने पास आए, और स्वर्गीय वरदान का स्वाद चखा।" वे आसपास बैठे, उन्होंने चंगाई होते देखी, उन्होंने लोगों को परमेश्वर की सामर्थ में देखा, उन्होंने जीवनों को बदलते देखा, परंतु वे वहां पर हाथ नहीं रखेंगे। नहीं, श्रीमान। नहीं, श्रीमान। "और आने वाले संसार की सामर्थ को चखा; और यदि वे वह प्राश्चित से स्वयं को फिर नया बनाने का यत्न करना चाहिए, उनके—उनके यह देख लेने से तो वे परमेश्वर के पुत्र को फिर से क्रूस पर चढ़ाते हैं, और उस वाचा के लहू को जिससे वे शुद्ध हुए थे... "

128 "मैं उस कलीसिया से संबंधित हूं जो पवित्र करण में विश्वास करती है।" जहां तक यह जाता है अच्छा है, परंतु आप अधिक दूर ना जाए। समझे? जी हां, श्रीमान। सूनसान जंगल ने उन्हें पवित्र किया। हां, वास्तव में। उनके पास—उनके पास पीतल का सांप था और वो—वो पीतल की वेदी, और वहां हर चीज पवित्र की हुई, परंतु वे विश्राम के लिए फिलिस्तीन में प्रवेश कर गए। क्या नहीं...

129 यहां इब्रानी 4 में देखिए, क्या उसने "दूसरे विश्राम" के लिए नहीं कहा? परमेश्वर ने सातवें दिन की सृष्टी की और उन्हें सातवें दिन विश्राम किया। दूसरे स्थान में उसने विश्राम दिन के लिए बोला, "और आज दाऊद में।" तब उसने उन्हें दूसरा विश्राम दिया, "बोझ से थके मांदे लोगों तुम मेरे पास आओ, मैं तुम्हें विश्राम दूंगा।" इस विश्राम में प्रवेश करो! क्योंकि हम जो इस विश्राम में प्रवेश कर चुके अपने कार्यों को बंद कर चुके जैसे परमेश्वर ने अपने सब्त में किया। निश्चय ही। यही आपका सब्त है विश्राम। यहां इस प्रतिज्ञा के देश में आपका वास्तविक विश्राम है।

130 पवित्र आत्मा लोगों की प्रतिज्ञा है। और वे क्यों शिक्षित ज्ञानी प्रचारकों को चाहेंगे जो उन्हें छोटे–छोटे कपड़े पहनने दे, और बाल काटने दे, और लिपस्टिक लगाने दे, और मनुष्य जो जुआ खेलते और बीयर पीते और चुटकुले सुनाते, और इसी प्रकार जीवन बिताते हैं, और स्वयं को कलीसिया

का सदस्य कहते हैं? वे क्यों, इस प्रकार की चीज को लेंगे और पवित्र आत्मा की अगुवाई का इनकार करेंगे! क्यों, बाईबल ने कहा परमेश्वर का वचन दोधारी तलवार से भी अधिक तेज है जो हड्डियों, और ह्रदय के विचारों को काटता। जी हां, मस्तिष्क के विचारों को भी!

131 और यदि हम संसार या संसार की चीजों से प्रेम रखते हैं, तो परमेश्वर का भी हम में नहीं। "बहुत से बुलाए गए, थोड़े से चुने गए; क्योंकि सीधा है वह फाटक और सकरा है वह मार्ग जो जीवन को जाता है, और थोड़े ही होंगे जो उसे पाएंगे। उस दिन बहुतेरे मेरे पास आएंगे और राज्य में बैठेंगे," यीशु ने कहा, "अब्राहम, इसहाक और याकूब के साथ। परंतु राज्य की संतान बाहर निकाली जाएगी, और कहते हैं, 'क्या हमने तेरे नाम से *यह* नहीं किया? और क्या हमने प्रचार नहीं किया? क्या हम डॉक्टर *अमुक–और–अमुक* नहीं है और आदरणीय *अमुक–और–अमुक*?' 'मैंने तुम्हें कभी नहीं जाना। और मेरे पास से चले जाओ तुम कुकर्म करने वालों, मैंने तुम्हें नहीं जाना।' वह सब नहीं जो, 'प्रभु, प्रभु,' कहते हैं अंदर प्रवेश करेगा। परंतु केवल वह जो मेरे स्वर्गीय पिता की इच्छा को पूरा करता है, वही भीतर जाता है।"

132 आप यही इसी स्थिति में है, जो प्रतिज्ञा के देश प्रवेश कर रहे हैं। हम इसमें कैसे जाते हैं? हम इसके लिए ठहराए गए हैं। कलीसिया, परमेश्वर के पूर्व ज्ञान के द्वारा, पहले से ठहराए गए हैं (किस लिए?) उसके अनुग्रह के द्वारा, उसके सम्मान के लिए, उसकी महिमा के लिए और आराधना और परमेश्वर की महिमा के लिए। पिता, वहां आरंभ में बैठे हैं, स्वयं अस्तित्व उसके आसपास कुछ नहीं है, अपनी आराधना के लिए कुछ चाहता है, इसलिए उसने पहले से अभिषिक्त और ठहराई हुई कलीसिया, और संसार के रचने से पहले, और उनके नाम मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखे, जब वे... पृथ्वी की सृष्टि से पहले घात किया गया, ताकि वे उसकी महिमा में प्रकट हो सके और उसकी प्रशंसा अंत समय में, जब वे सारी वस्तुएं उस एक मनुष्य में एकत्र की जाएगी, मसीह यीशु में। ओह! महिमा हो! यही बात है। यह केवल... और यही ठीक वहां पर है, मेरे भाई बहनों, इससे कभी भी ना हटना।

133 परमेश्वर उसके चुनाव अनुग्रह के द्वारा, आपको बुलाया है, परमेश्वर ने अपने चुनाव अनुग्रह के द्वारा आपको पवित्र किया। परमेश्वर, अपने चुनाव

अनुग्रह के द्वारा और उसकी सामर्थ आपको बपतिस्मा दिया और आपको विश्राम के देश में रखा। वे जो इस विश्राम में प्रवेश कर गए अपने भटक जाने से रुक गए। उन्होंने अपने कार्य समाप्त कर लिए जैसे परमेश्वर ने किए। उनके पास ना बता सकने वाला आनंद है, और महिमा से भरा हुआ! जीवन का वृक्ष उनमें फल फूल रहा है। उनके पास धीरज, नम्रता, भलाई, धैर्य, विश्वास बनाता है, विश्वास, नम्रता, सज्जनता और आदि–आदि है। जीवन का वृक्ष उन में खिल रहा है क्योंकि उनकी आशा का लंगर मसीह यीशु में है, पवित्र आत्मा की गवाही चिन्हों के साथ गवाही देता है और आश्चर्यकर्म विश्वासियों से होते हैं। "विश्वास करने वालों के यह चिन्ह होंगे।" जब वे चलते हैं, तो बीमार चंगे करते हैं, वे प्रेतों को निकालते हैं, वे अन्य–अन्य भाषाएं बोलते हैं, वे दर्शन देखते हैं। वे... और वे परमेश्वर के संग चलते हैं, वे परमेश्वर से बातें करते हैं। उन्हें कोई दुष्ट आत्मा हिला नहीं सकती, वे स्थिर है प्रतीक्षा देख रहे हैं... ? ... बीती बातों को भूलते जा रहे हैं, वे अपनी स्वर्गीय बुलाहट की ओर बढ़ते जा रहे हैं, मसीह यीशु में बुलाए जा रहे हैं। वे वहां पर है। वे वहां है। यही कलीसिया है।

134 वे वहां कैसे पहुंचे? आप नहीं कह सकते, "अच्छा, प्रभु, आप जानते हैं, एक दिन मैंने सिगार पीना आरंभ किया, और मैं गिर पड़ा, और तब मैंने सोचा मैं करूंगा... " ओह, नहीं, नहीं, नहीं, नहीं।

135 पहले से ठहराए हुए! उसने हमें बुलाया, और जब हम उसके पीछे चले वह तब ही हम कहते हैं, "परमेश्वर हम खोए हुए थे और बेकार। हमारे पास इतनी भी बुद्धि नहीं थी। कि स्वयं को बचा लेते। हमारा स्वभाव आरंभ से ही सूअर का था।"

136 आप जाकर सूअर के बाड़े को देखें और पुरानी सुअरी को देखें, और कहे, "अब, इधर देखो, बड़ी बूढी, मैं तुम्हें कुछ बताना चाहता हूं। तुम्हारे लिए अच्छा नहीं कि किचड़ में मुंह मारो।"

137 वह कहेगी, "होंक–होंक।" समझे? अब, यह वैसे ही है जैसे आप अपने को बचा रहे हो। ठीक ऐसे ही।

138 आप कहते हैं, "महिला, आपको इस प्रकार के कपड़े नहीं पहनने चाहिए, आपको साफ सुथरे कपड़े पहनने चाहिए। आपको *यह* करना चाहिए। आपको वहां नहीं जाना चाहिए... आपको यह ताश की पार्टी में नहीं

होना चाहिए। आपको सिगरेट नहीं पीनी चाहिए। आपको *यह* नहीं करना चाहिए। श्रीमान, आपको *यह* नहीं करना चाहिए।"

139 वह कहता है, "होंक–होंक। मैं *होंक–होंक* से हूं।" ओह–हो। "होंक," यह वही है जो वे जानते हैं। "अच्छा, मैं आपको बता दूं मैं आपके समान ही भला हूं। जैसे आप हैं। होंक–होंक!" देखिए, वे पवित्र आत्मा की अगुवाई को अस्वीकार करते है, क्योंकि बाईबल ने कहा कि यदि तुम संसार से प्रेम करते हो या संसार की वस्तुओं से, तो तुम में परमेश्वर का प्रेम है ही नही।

140 उन्हें क्या विचित्र बनाता है? आप एक पवित्र राष्ट्र है। आपने क्या किया है? उस देश के बाहर प्रवेश कर गए। आप दूसरे देश में हैं। आप वहां कैसे पहुंचेंगे? वह प्रतिज्ञा का देश है। किस प्रकार की प्रतिज्ञा? "परमेश्वर ने कहा, कि अंत के दिनों में यह घटित होगा, मैं अपना आत्मा सब प्राणियों पर उडेलुंगा।" एक ही आत्मा के द्वारा हम सब ने इस प्रतिज्ञा के देश में बपतिस्मा लिया। आमीन। भाइयों और बहनों, हाल्लेलुय्या, हृदय की शुद्धता के साथ, कोई द्वेष, नहीं कोई शत्रुता नहीं, कुछ नहीं! मैं चिंता नहीं करता यदि एक भटक जाए, कोई मतलब नहीं वह क्या करता है, आप उसके पीछे जाएंगे।

141 अधिक समय नहीं हुआ मैं एक भाई के पीछे, जो भटक गया था। गया एक नवयुवक ने मुझसे कहा, "उस व्यक्ति को जाने दो, उसे छोड़ दो।"

142 मैंने कहा, "यदि मैं कभी ऐसे एक स्थान पर आ जाऊं कि मेरा हृदय मेरे भाई के साथ ना हो तो, फिर मेरे लिए वह समय है कि मैं वेदी पर जाऊं, क्योंकि मैं अनुग्रह से गिर गया हूं।" मैंने कहा, "मैं तब तक जाऊंगा जब तक उसके शरीर में श्वास है, और मैं मार्ग में कहीं उसे पकड़ लूंगा।" जी हां, श्रीमान। और मैंने उसे पकड़ लिया, हाल्लेलुय्या, उसे वापस ले आया। जी हां, श्रीमान। अब वह सुरक्षा में आ गया है। जी हां, श्रीमान। वह वैसे ही निश्चित रूप से भटक कर चला गया था जैसे संसार।

143 कुछ समय पहले जब मैंने उस बेचारी महिला को बैठे देखा, और शेरिफ ने मुझे बुलाया, कहा, "उसे, सीधी जैकेट में होना चाहिए।" कहा, "वह बस उन्मादी है, उसका चित्त ठिकाने नहीं है।" वह—वह, उन्होंने उसे होटल में रखा। वे आए।

मैंने कहा, "यह ठीक है।"

144 शेरिफ ने कहा, "क्यों, बिली!" मैं उसे अच्छी तरह से जानता हूं, और उसे जब से जानता हूं जब से मैं छोटा लड़का था। उसने कहा, "यदि कुछ ऐसा हो कि मैं आप सहायता कर सकता हूं।"

मैंने कहा, "ठीक है।"

कहां, "क्या आपकी उसकी सहायता कर सकते हैं? "

मैंने कहा, "नहीं, परंतु *वह* कर सकता है।" मैंने कहा, "एक मिनट।"

145 इसलिए वे उसे वहां बाहर लाएं। और जब उसे थोड़े समय के लिए शांति में छोड़ दिया गया था। वह क्या था? हमने उसके लिए प्रार्थना की। आमीन! वह इतनी थी...

146 उन्होंने कहा, "क्या आप डॉक्टर को लेना चाहते हैं? " उसके पति से कहा, "क्या आप डॉक्टर को बुलाना चाहते हैं? "

147 कहा, "डॉक्टर उसके लिए कुछ नहीं कर सकता।" और यह ठीक बात है। यह पागल है; डॉक्टर इसके लिए कुछ नहीं कर सकता।

कहा कि, "हमारी आशा केवल *वहां* पहुंचने की है।"

और उसने कहा, "बिली, मैं इसे नहीं समझता।"

मैंने कहा, "मैं तुझसे आशा नहीं रखता," देखिए, "वह उस से आशा नहीं करता कि आप।"

148 परंतु, ओह, प्रभु, ना ही मैं इसे समझता हूं! नहीं। परंतु, भाई, परमेश्वर जो स्वर्ग में है... मैं पूरा समय बहुत दूर था, कोई चीज मेरे पीछे–पीछे आई। आमीन! यह इसलिए नहीं था क्योंकि मैं आना चाहता था, परंतु, नहीं, कोई चीज मेरे पीछे आई। क्योंकि संसार के रचने से पहले, परमेश्वर ने ठहराया, हाल्लेलुय्या, कि हम उसके होंगे, उसके आदर और महिमा के लिए। सुनिए! उनको जिन्हें उसने पहले से जाना, उसने क्या? बुलाया। यह ठीक है? क्या उसने आपको बुलाया? जी हां! उसने आपको क्यों बुलाया? उसने आपको पहले से जाना। जिन्हें उसने पहले से जाना, उसने बुलाया; जिन्हें उसने बुलाया, उसने धर्मी ठहराया। क्या यह ठीक बात है? और जिन्हें उसने धर्मी ठहराया, उसने महिमायुक्त किया! आमीन! यही है जो बाईबल ने कहा: "जिन्हें उसने पहले से जाना, उसने बुलाया।" प्रत्येक पीढ़ी में! जिन्हें उसने बुलाया, उन्हें पहले ही महिमायुक्त कर चुका। क्या? मुझे यहां पवित्र वचन पढ़ने दे। ठीक है।

और अपनी इच्छा *की सुमति के अनुसार हमें अपने लिए पहले से ठहराया, कि यीशु मसीह के द्वारा हम उसके* लेपालक पुत्र *हो...*

कि उसके *अनुग्रह की महिमा की स्तुति...*

149 ओह, क्या आप इसे समझें? महिमा की स्तुति! ताकि वह अनंत युगों में हो सके जो आने पर है, और उसके बालक चिल्लाएंगे, "अब्बा, पिता! अब्बा, पिता!"

150 और स्वर्गदूत कहता है, "वे क्या बातें कर रहे हैं? वे किस विषय में बातें कर रहे हैं? "

151 उड़ाऊ पुत्र में कितनी सुंदरता से दर्शाया गया है। "मैं खो गया था।" "यह मेरा पुत्र है। यह खो गया था और अब यह मिल गया है। यह मर गया था, और जीवित हो उठा है। मोटा ताजा बछड़ा लाओ, बढ़िया वस्त्र, अंगूठी और उसकी उंगली में पहनाओ। और हम... " कोई आश्चर्य नहीं कि कब भोर के तारों ने एक संग गाया, परमेश्वर के पुत्र आनंद से चिल्लाए, जब उन्होंने उद्धार की योजना को देखा, परमेश्वर पृथ्वी के रचे जाने से पहले आपके नाम को पुस्तक में लिख रहा था।

152 अब आप कहते हैं, "कुछ इसी प्रकार से केल्विन ने विश्वास किया।" मैंने केल्विन का विश्वास नहीं किया। केल्विन एक हत्यारा था। केल्विन एक मनुष्य को मार डाला था क्योंकि उसने यीशु नाम में बपतिस्मा लिया था। वह एक धूर्त था, उसे स्वयं मत परिवर्तन की आवश्यकता थी। जी हां, श्रीमान। परंतु उसने क्या कहा, कुछ बातों के विषय में उसने कहा, ठीक था। परंतु... वह क्या... उसका कार्य, एक मनुष्य उस मनुष्य को कुछ ऐसा करने के लिए मार डाले, यह भयानक है, पाप भरा। ठीक है।

जिसमें उसने हम पर *बहुतायात से किया...*

153 ओह, रुकिए, मुझे वह "लेपालक, " पद नहीं मिला है क्या मुझे मिला? क्या मुझे बहुत देर हो गई? देखे कि यह घड़ी यहां क्या कहती है, हमारे पास कौन सा समय है। ठीक है। हम बस—बस दस मिनट लेते हैं इन लोगों के लिए जो दूर से आए हैं। देखिए। देखिए।

154 "लेपालकता, " मैं आपको दिखाऊं यह अब क्यों किया गया। एक पिता के पास एक बड़ा राज्य है, वह चारों ओर घूमता है। अब उसके पास एक

पुत्र जन्मा। ओह, वह बहुत आनंदित है! (यह परमेश्वर है।) इसलिए आप जानते हैं कि वह पिता क्या करता है? वह एक बहुत अच्छा पालने, बढ़ाने वाला शिक्षक ढूंढता है। आप जानते हैं कि शिक्षक क्या होता है, क्या आप नहीं जानते? यह एक विद्यालय का शिक्षक है। उसने एक अच्छा विद्यालय शिक्षक ढूंढा वह सारे देश में ढूंढ सकता था। (और तब हम जा रहे हैं, सुनिए।) और उसने उत्तम विद्यालय का शिक्षक जो वह ढूंढ सकता था ढूंढा। उन्हें किसी बदमाश को नहीं लेता, वह अपने लड़के को वास्तविक व्यक्ति चाहता है।

155 क्या आप अपने बालको को ऐसा चाहते हैं? निश्चय ही, आप जो सबसे उत्तम जो दे सकते हैं! जी हां, श्रीमान। यदि एक स्वाभाविक मनुष्य सोचता है, आप क्या सोचते हैं कि परमेश्वर अपने बालको के लिए क्या सोचता है? सबसे अच्छा जो वह पा सकेगा।

156 इसलिए, वह एक व्यक्ति चाहता है जो ईमानदार होगा। अब, वह नहीं... यह कहने के लिए व्यक्ति को नहीं चाहता, "अब, देखिए, मैं—मैं... जूनियर, आप जो चाहे करें, प्रिय।" "ओह हां, पिता, ओह–हो, वह ठीक चल रहा है, वह एक अच्छा लड़का है।" उसकी पीठ थपथपाए, और उसकी टोपी में पंख लगाए। नहीं, नहीं। वह व्यक्ति अभी झिड़का जाएगा। निश्चय ही। वह एक मनुष्य को चाहता है जो सच्चा है। यदि वह लड़का सीधा चल रहा है, तो उसे बताएं। यदि वह नहीं, तो उसे बताएं कि क्या गलती है।

157 और यदि एक सांसारिक पिता यह सोचता है... क्या आप नहीं चाहेंगे एक व्यक्ति आपके साथ ईमानदार रहे, विद्यालय का शिक्षक आपके बालकों के प्रति ईमानदार रहे? निश्चय ही। अच्छा, आप क्या सोचते हैं कि परमेश्वर क्या सोचता है? और वह जानता है; हम नहीं करते, वह करता है। हम सीमित है, हम नहीं बता सकते। परंतु वह अनंत है और वह जानता है।

158 इसलिए आप जानते हैं कि पिता ने क्या किया? उसने कभी नहीं कहा कि, "मैं पोप को लेने जा रहा हूं कि मेरे बालकों का ध्यान रखें।" ना ही उसने यह कहा, "मैं एक—एक विषय को लेने जा रहा हूं।" नहीं, नहीं। उसने यह नहीं किया, क्योंकि वह जानता था कि पोप गलत होगा वैसे ही बिशप गलत होगा। समझे? उसने कभी नहीं कहा कि, "मैं अपनी कलीसिया की देख रेख के लिए जनरल ओवर सियर लेने जा रहा हूं।" नहीं, नहीं।

159 उसके पास पवित्र आत्मा है। वह उसका शिक्षक है, ओह–हो, बालकों को बड़ा करने के लिए। ठीक है। तब आप कैसे जानेंगे कि पवित्र आत्मा यह जानता है? वह मनुष्य के होठों से बोलता है। तो फिर आप कैसे जानेंगे कि वह सत्य बता रहा है? जब आप पवित्र आत्मा को होठों से बोलते हुए देखते हैं जो कि हर बार सत्य बता रहा है, आने वाली बात की भविष्यवाणी कर रहा है और ठीक शेमुएल के समान सही घटित हो रहा है, तब आप जानते हैं कि यह सत्य है। यह ठीक चल रहा है। क्योंकि परमेश्वर ने कहा, "यदि वह बोलता है और जो वह कहता है वह घटित नहीं होता तो उसकी मत सुनो, क्योंकि मैं उसके साथ नहीं हूं। परंतु यदि वह करता है, तो फिर उसकी सुनो, क्योंकि मैं उसके साथ हूं।" समझे? आप उसी स्थिति में है। वह ऐसे ही करता है।

160 अब, तब आप वह आसपास जाता है अब आप क्या सोचते हैं कि वह शिक्षक क्या कहेगा यदि उसे पिता के पास जाना पड़े? और कहे कि, "आपके—आपके बालक विचित्र व्यवहार कर रहे हैं। मैं आपको बताता हूं, आपका वह लड़का, वह, वह आवारा है। वह पराजित है। मैंने एक व्यक्ति कभी नहीं देखा! ओह, आप जानते हैं वह क्या करता है? और आपकी वह लड़की! ओह, मैं नहीं जानता कि आप उसके साथ क्या करने जा रहे हैं। अच्छा, आप जानते हैं क्या? वह ऐसी दिखाई पड़ती है... वह वहां फिलिस्तीनो की लड़की के समान रंगी हुई है। जी हां, श्रीमान, वह उनके समान व्यवहार करना चाहती है।"

"मेरी पुत्री? "

161 "हां, आपकी पुत्री।" यही आज पवित्र आत्मा को कलीसिया के विषय में कहना पड़ेगा। कोई आश्चर्य नहीं हम बेदारी नहीं ला सकते समझे? अब, यह सत्य है।

"आपके पुत्र के विषय में क्या है? हुंह? यही बात है।"

"क्या? "

162 "अच्छा, आप जानते हैं कि आपने सदा कहा है कि उन भेड़ो को उस चरागाह में चरना चाहिए वही पर भेड़ का भोजन है। हां, आप जानते हैं कि उसने क्या किया? वह उन्हें झाडियो में खदेड़ कर ले गया। बस उन्हें वहां ले गया और उन्हें वहां सकरी खाड़ी के पास जमा कर दिया, उन्हें वही झंकाड के ढेर पर छोड़ दिया, और उन पुराने पेड़ों को खा रही है, वे इतनी

बेचारी है कि वहां से बाहर नहीं निकल पा रही है।" यह बिशप, पास्टर जो परमेश्वर की सामर्थ का इनकार करते हैं। "तो, मैं आपको सत्य बताता हूं, मैंने अपने जीवन में कभी इतनी परेशान भेड़ों का झुंड नहीं देखा।" वह यह पसंद नहीं करता। नहीं। "और आप जानते हैं क्या? वे पशु वहां पर हैं, आप जानते हैं कि आपने—आपने उन्हें बताया वहां वो—वो अच्छा–अच्छा भोजन खिलाए, आप जानते हैं, कि उन्हें मोटा कर दे? "

"हां।"

"आप जानते हैं कि वह उन्हें क्या दे रहा है? "

"नहीं।"

163 "वही पुरानी लोहायुक्त घास। हां। वह उन्हें संस्थाओं आदि का सदस्य बनवा रहा है। आपने ऐसा कभी नहीं देखा। आपने अपने जीवन में ऐसा कभी नहीं देखा। आप जानते हैं वह क्या कर रहा है? वहां बाहर सिगार पीते हुए जा रहे हैं, पिछड़ते हुए। उसकी पत्नी उसके साथ है, वह छोटे कपड़े पहने रही है, जैसे की फिलीस्तीनी वहां कर रहे हैं। हां।" इस प्रकार का संदेश पवित्र आत्मा को कलीसिया के विषय में आज लेना ही है। अब, आप इस विषय में क्या सोचते हैं?

164 यही लेपालक पद है। उसने... क्या किया वह क्या करता है उसने हमें—हमें लेपालक पद के लिए ठहराया है। वह हमें पवित्र आत्मा देता है; परंतु, एक मिनट प्रतीक्षा करें, लेपालक, पद इसी के विषय में हम बात कर रहे हैं। लेपालक पद!

165 "अच्छा, आप जानते हैं वह क्या करता है? बिशप उस दिन आता है, और बताया। उसने वहां चंगाई की एक छोटी सभा की, और बिशप वहां आया। कुछ लोग, एक भाई, आया और बीमारों के लिए प्रार्थना कर रहा था। और उसने कहा, 'आप इसे बंद करो!'

"'ओह, ओह, हां, फादर बिशप, मैं यही करूंगा।'

"'क्या आप सहयोग नहीं देंगे।'

"ओह, नहीं, नहीं, फादर बिशप बिल्कुल नहीं।'

166 "और इधर में आया और आपके वचन से सत्य बताया। देखिए, यह यहां पर है। मैंने आपकी व्यवस्था उनके लिए ठीक–ठीक पढ़ी कि क्या करना है, और वह उनकी नहीं सुनेगा। उसने कहा, 'ओह, यह तो दूसरे

युग के लिए था, दूसरा पुत्र किसी दूसरे समय के लिए। उसका मेरे लिए कोई अर्थ नहीं है।'" आप वहीं पर हैं। यही, मित्र अब यह सत्य है। अब क्या आप नहीं देखते कि कलीसिया कहां अपने स्थान से हटी हुई है, क्यों हमारे पास बेदारी नहीं है क्यों हमारे साथ चीजें नहीं चल रही है? यह यही पर है।

167 यहोशू कहता है, "गाद, मैं तुम्हें चाहता हूं... अन्तिम आपका स्थान रूपरेखा के अनुसार यहाँ रखा है, आपका स्थान यहां पर है, ठीक यही। गाद, तुम यहां आकर, और यहीं रुको। बिन्यामीन, आप यहां पर जाएं। और अब आप लोग फिलिस्तीन की सभा से अलग रहे।" और यहोशू वापस आता है यहां ये सब फिलिस्तीन में है, वही पुराना शोरगुल, इस प्रकार से नाचना, और सारी स्त्रिया रंगी हुई, और चारों और नाच रही है एक महान समय है। और यहोशू अपने सिर को खुजला रहा है, और कहता है, "अब क्या? " अब ठीक यही बात जगह ले रही है; सब नहीं, परमेश्वर का धन्यवाद हो, सब नहीं, परंतु बहुत सारे। ठीक है।

168 अब क्या होता है फिर? यही है जो घटित हुआ। क्या आप कल्पना नहीं करते, कि वह व्यक्ति, पवित्र आत्मा पिता के सामने लज्जित, जब उसे यही कहना था? ओह, प्रभु! "मैंने—मैंने—मैंने उसे बताया, परंतु वह—वह—वह इसे नहीं सुनेगा। मैंने उसे यह बताया, और उसे पुस्तक में से पढ़ाया। मेरे पास—मेरे पास एक छोटा सा सेवक आया और उसे दिखाता है कि यीशु मसीह कल, आज, और सर्वदा एकसा है। आप जानते हैं क्या? वह उनमें से एक का—उनमें से एक बकरियों का चरवाहे यहां आया है और उसे बताता है कि यह एक दूसरे युग के लिए था। समझे? और उसका बुरी बदबू वाला समय, वह वहां पर बकरी की बदबू के साथ पहुंचा, आप जानते हैं, सिगारो की, और आप जानते हैं, और आदि-आदि, और इतनी बदबू के साथ वह यहां पर आया। समझे? परंतु मैं आपको बताता हूं, कि उस बकरी के चरवाहे के पास लगाने के लिए बहुत सारे तमगे थे, मैं आपको बताता हूं, यदि आपका उसका नाम कागज पर लिखेंगे तो (उसकी निधन सूचना) उसके उपनामों से आधा कागज भर देगी। जी हां, श्रीमान, निश्चय ही वे उसे उस देश में पसंद करेंगे, परंतु, मैं आपको बताता हूं, वास्तव में वह नहीं जानता कि भेड़ों को कैसे खिलाना चाहिए। इस विषय में यह एक बात है। बस वह मेरी सुनेगा ही नहीं, " पवित्र आत्मा कहता है। "मैंने यत्न किया कि उसे बताऊं आप कल, आज, और सर्वदा एक से हैं, परंतु वह—

वह इसे नहीं मानेंगा। वह महान डरपोक है जो मैंने कभी जीवन में देखा। हां। और कलीसिया ने उसे देख रेख करने वाला बनाया है, एक बिशप आदि–आदि सारे लोग उसकी सुन रहे हैं। और तब आप जानते हैं क्या? वे उन्हें लेते हैं... वहां उनके पास एक चीज है जिसे 'टेलीविजन' कहते हैं। आप उसे *इस* प्रकार से आरंभ करते हैं कि और—और वे स्त्रियां आकर और शुरू हो जाती है सब प्रकार के आधे कपड़े। और, आप जानते हैं, आपकी बहुत सी पुत्रियां–... "

"ओह, निश्चय ही नही!" समझे?

